2/26

**0901E1046** Candidate's Seat No :__________

**B.A (Drama & FA) Sem.-1 Examination**

**AEC-115**

**Hindi**

**January-2024**

**Time : 1-00 Hour]** **[Max. Marks : 25**

---

**सूचना : 1. सभी प्रश्नों के सामने अंक निर्दिष्ट हैं।**

प्रश्न 1 कहानी के तत्वों के आधार पर 'उसने कहा था' कहानी का मूल्यांकन कीजिए । (10)

अथवा

रीढ की हड्डी एकांकी का कथानक लिखते हुए उसका उद्देश्य लिखिए ।

प्रश्न 2 (अ) पल्लवन (विचार विस्तार ) कीजिए । (05)

अधजल गगरी छलकत जाय।

(ब) उचित शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए । (05)

विश्वविद्यालय की कई महिमा रही है | शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा रोब रहा है नालंदा का. दस हजार विद्यार्थी और पन्द्रह सौ आचार्य थे। बौद्ध दर्शन, इतिहास, वेद, हेतु विद्या, न्याय शास्त्र, व्याकरण, चिकित्सा शास्त्र, ज्योतिष आदि के शिक्षण की व्यवस्था इस विश्वविद्यालय में था | कई विख्यात आचार्यों का नाम नालंदा से जुड़ा था | लेकिन नालंदा के इतिहास में काला धब्बा भी लग गया है. यह काला धब्बा नालंदा के पुस्तकालय को लेकर है | बख्तियार खिलजी के आक्रमणों से देश की जो सबसे बड़ी हानि हुई वह थी वहाँ के इन पुस्तकालयों को आग के हवाले करना | इस अग्निकांड में वे अमूल्य ग्रंथ सदा के लिए भस्म हो गए | जिनका उल्लेख मात्र तिब्बती और चीनी ग्रंथों में मिलता है | तिब्बती विवरणों से पता चलता है कि नालंदा में पुस्तकालयों का एक विशिष्ट क्षेत्र था |

अथवा

(अ) पल्लवन (विचार विस्तार ) कीजिए । (05)

नाच न जाने आँगन टेढ़ा ।



P.T.O

E 1046-2

(ब) उचित शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए। (05)

ऋतुराज बसन्त के आगमन से ही शीत का भयंकर प्रकोप भाग गया | पतझड़ में पश्चिम के पवन ने जीर्ण-शीर्ण पत्रों को गिराकर पेड़-पौधों को स्वच्छ और निर्मल बना दिया | वृक्षों और लताओं के अंग में नूतन पत्तियों के खिलने से यौवन की मादकता छा गयी | शीतकाल के ठिठुरे अंगों में नया फुरती उमड़ रही है तथा बसन्त के आगमन के साथ ही जैसे पुरानापन और पुरातन का प्रभाव छिप गया है | प्रकृति के कण-कण में नया जीवन का संचार हो गया है | आम के मंजरियों की गंध और कोयल का आवाज़, भँवरों का गुंजन सब- -ऐसा लगता है जैसे जीवन में सुख ही सुख है यह आनन्द के एक क्षण का मूल्य पूरे जीवन को अर्पित करके भी नहीं चुकाया जा सकता है. प्रकृति ने बसन्त के आगमन पर अपने रूप को इतना संवारा है और रचा है कि उसकी शोभा का वर्णन करना असंभव है |

प्रश्न 3 निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (किन्ही पाँच) (05)

1 'सहयोग' का अंग्रेजी रूप लिखिए।
(क) Collaboration (ख) Circular (ग) Capital

2 'रीढ़ की हड्डी' का साहित्य प्रकार लिखिए |
(क) एकांकी (ख) कहानी (ग) उपन्यास

3 Circular का हिंदी रूप लिखिए |
(क) परिपत्र (ख) सहयोग (ग) जनगणना

4 'संक्षिप्त रूप' का अंग्रेजी रूप लिखिए |
(क) Accept (ख) Abbreviation (ग) Adhoc

5 Financial का हिंदी रूप लिखिए।
(क) गोपनीय (ख) वित्तीय (ग) कर्मचारी

6 Gazette का हिंदी रूप लिखिए।
(क) राजपत्र (ख) परिपत्र (ग) आवेदन पत्र

7 Drafting का हिंदी रूप लिखिए।
(क) अनुमोदन (ख) आलेखन (ग) आवेदन

-----------------------------------------------------